हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 1 मार्च, 2025

11 गुरुकृपा मंडल द्वारा होली उत्सव : 'तेरे नाल ग्लां...



12 जाखल में चुनाव प्रचार के अंतिम क्षण सीएम की...



# फतेहाबाद बार एसोसिएशन चुनाव : दिनेश गेरा प्रधान, पुनीत भुटानी सचिव बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला बार एसोसिएशन के प्रधान व सचिव पद के लिए शुक्रवार को हुए मतदान में 636 में से 589 वकीलों ने वोट डाले। इनमें 331 वोट लेकर दिनेश गेरा ने 114 वोटों से जीत दर्ज की और प्रधान पद पर कब्जा जमाया। दूसरे स्थान पर रहे सुभाष जांगू को 217 वोट मिले जबकि तीसरे स्थान पर रही शशी बाला को मात्र 36 वोट मिले। 4 वकीलों ने नोटा को वोट दिया वहीं एक वोट रद हो गया। इसी तरह सचिव पद के लिए हुए मतदान में पुनीत भुटानी 409 वोट लेकर 238 वोटों से जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंदी सुग्रीव गोदारा को 171 लोगों ने वोट दिया। इसके अलावा 7 वकीलों ने नोटा को वोट दिया जबकि 2 वोट रद्द हो गए। जीत के बाद प्रधान दिनेश गेरा और सचिव पुनीत भुटानी के समर्थकों ने ढोल नगाड़ों के साथ जीत का जश्न मनाया। बता दें कि जिला बार एसोसिएशन के प्रधान व सचिव पद के लिए शुक्रवार सुबह 10 बजे मतदान शुरू हुआ था जोकि शाम साढ़े 4 बजे तक चला। प्रधान और सचिव पद दोनों के लिए बैलेट पेपर से वोट डाले गए। प्रधान पद के लिए पीला बैलेट पेपर व सचिव पद के लिए सफेद बैलेट पेपर रखा गया था। इस चुनाव में कुल 636 में से 589 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बता दें कि फतेहाबाद बार एसोसिएशन के प्रधान पद के लिए एडवोकेट दिनेश गेरा, एडवोकेट सुभाष जांगू व एडवोकेट शशिबाला के बीच जहां त्रिकोणा मुकाबला था वहीं सचिव पद के लिए एडवोकेट पुनीत भुटानी व एडवोकेट सुग्रीव गोदारा के बीच टक्कर थी। अन्य पदों के लिए सर्वसम्मति बन गई है जिसमें सतेन्द्र बिश्नोई उपप्रधान, संदीप श्योराण वित्त सचिव, शम्मी राठौड सहसचिव, सुनील कुमार को लाइब्रेरियन चुना जा चुका है। उल्लेखनीय है कि जिला बार एसोसिएशन में कुल 636 मतदाता है। इन 636 मतदाताओं में से 84 महिला मतदाता हैं। बार चुनाव को शांतिपूर्ण कराने के लिए चुनाव कमेटी ने पुलिस कप्तान को बकायदा पत्र लिखकर सुरक्षा मुहैया कराने का अनुरोध किया था। पुलिस कप्तान आस्था मोदी द्वारा हुड्डा चौकी से पुलिसकर्मी शांतिपूर्ण मतदान करवाने के लिए भेजे गए थे। चुनाव अधिकारी राकेश गर्ग व सदस्य आरएस चतरथ, कमलेश वशिष्ठ, प्रेम परमजीत कौर, राजेश गांधी व अनुज आनंद ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ है। मतदान के लिए कोर्ट काम्पलैक्स में प्रथम मंजिल स्थित लाइब्रेरी में 3 बूथ बनाए गए थे, जिनमें 1 बूथ सीनियर सिटीजन वकीलों के लिए रखा गया है जबकि दो अन्य बूथों पर अन्य वकील मतदान कर रहे थे। मतदान संपन्न होने के बाद चुनाव परिणाम घोषित किया गया। इनमें प्रधन पद के लिए दिनेश गेरा ने 114 वोटों से वहीं सचिव पद के लिए पुनीत भुटानी ने 238 वोटों से जीत दर्ज की है।




फतेहाबाद। बार एसोसिएशन चुनाव में वोट डलवाते चुनाव अधिकारी व बार एसोसिएशन चुनाव में वोट डालते वकील। फोटो : हरिभूमि



प्रधान दिनेश गेरा व सचिव पुनीत भुटानी।

## गंगा राम ढाका बने सिरसा बार एसो के प्रधान

सिरसा। सिरसा बार एसो के चुनाव में गंगाराम ढाका प्रधान निर्वाचित हुए, जबकि सचिव पद पर हरदीप सिधू ने बाजी मारी। सुबह 9 बजे चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई जो कि देर शाम 5 बजे तक जारी रही। प्रधान पद के लिए रघुबीर सिंह खिंडा, गंगाराम ढाका व जेबीएल गर्ग में मैदान में थे और तिकोणा मुकाबला हुआ, जिसमें गंगाराम ढाका विजयी हुए। वहीं उपप्रधान पद के लिए केवल कंबोज व अनुज गनेरीवाला में तथा सचिव पद के लिए हरदीप सिंह सिधु व कपिल देव बमनियां के बीच आमने-सामने के मुकाबले में हरदीप सिधू ने बाजी मारी। उपप्रधान पद के लिए मैदान में उतरे केवल कंबोज अनुज गनेरीवाला को बराबर वोट मिले हैं जिस कारण उपप्रधान पद का चुनाव टाई हो गया है।

## वेद कम्बोज 10 मतों से जीतकर बने रतिया बार एसोसिएशन के प्रधान



रतिया। शुक्रवार को हुए बार एसोसिएशन रतिया के चुनाव में वेद कम्बोज 10 वोटों से जीतकर प्रधान चुने गए। इसके अलावा गगन गिल उपप्रधान, विक्रम कंबोज सचिव, रविंदर सिंह ने संयुक्त सचिव के पद पर जीत हासिल की। चुनाव अधिकारी राजकुमार गर्ग ने बताया कि आज हुए चुनाव में कुल 269 मत डाले गए जिसमें प्रधान पद के उम्मीदवार कुलविंदर ढिल्लों को 129 मत व वेद कंबोज ने 139 मत लेकर अपने प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार को 10 मतों से हराकर प्रधान पद हासिल किया वहीं उपप्रधान पद के लिए नेहा जसूजा को 131 मत, गगन गिल को 137 मत मिले। गगन गिल 6 मतों से विजयी हुए। सचिव पद के लिए राहुल मेहता व विक्रम कंबोज में कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें राहुल मेहता को 133 तथा विक्रम कंबोज को 136 मत मिले। विक्रम कंबोज ने 3 मतों की करीबी जीत हासिल की। संयुक्त सचिव के चुनाव में हालांकि रात्रि को ही दोनों उम्मीदवारों की आपसी सहमति के चलते उम्मीदवार सुखाराम ने रविंदर सिंह खाई को अपना समर्थन दे दिया था जिसके चलते आज दोनों उम्मीदवारों ने मिलकर संयुक्त सचिव के चुनाव की औपचारिकताओं को पूरा किया गया। इसके चलते संयुक्त सचिव के चुनाव में 50 मत डाले गए जिसमें सुखा राम को 4 तथा रविंद्र सिंह को 46 मत मिले जिस पर रविंद्र सिंह 42 मतों से जीत हासिल की। इस अवसर पर मौजूद चुनाव ऑब्जर्वर बलवंत सिंह, सहायक चुनाव अधिकारी एडवोकेट तरुण जैन, राम चंद्र अलीकां, संदीप सिंह मेहरोक, नरेश अरोड़ा, गुरजंट सिंह सहित चुनाव कमेटी ने बताया कि वित्त सचिव के लिए एकमात्र उम्मीदवार राधेश्याम मशाल के होने के कारण उन्हें पहले ही निर्विरोध चुन लिया गया था।

## चौथी बार बार एसो ऐलनाबाद के प्रधान बने बलराज सिंह खोसा

■ रविकरण गिजवानी को 6 मतों से दी मात

ऐलनाबाद। ऐलनाबाद बार एसोसिएशन के प्रधान पद के लिए शुक्रवार को चुनाव हुए। बार एसोसिएशन में प्रधान पद को लेकर अधिवक्ताओं ने मतदान किया। ऐसे में चौथी बार बार एसोसिएशन के प्रधान बलराज सिंह खोसा बने हे। हालांकि पिछली बार इन्होंने बार चुनाव लड़ा नहीं था। उस दौरान बलकार सिंह थिंड और रविकरण गिजवानी के बीच मुकाबला हुआ था। जिसमें बलकार सिंह थिंद 44 मतों से जीते थे। इस बाद फिर रविकरण गिजवानी को 6 मतों से हार का सामना करना पड़ा है। क्योंकि छह मतों से बलराज सिंह खोसा चौथी बार प्रधान पद का चुनाव जीते है। जानकारी के अनुसार बार एसोसिएशन के कुल 156 मत है। इनमें से 150 मत चुनाव में डले। अधिवक्ता बलराज सिंह खोसा को 78 मत मिले और रविकरण गिजवानी को 72 मत मिले। इस चुनाव में बलराज सिंह खोसा 6 वोटों से रविकरण गिजवानी से विजयी रहे। अहम बात यह रही कि न तो कोई वोट नोटा पर पड़ा और न ही कोई वोट कैंसिल हुआ।

## खबर संक्षेप

### दुकान से नकदी व आभूषण चोरी

सिरसा। शहर के हिसार रोड स्थित मार्बल की दुकान के गल्ले से चोर 50 हजार की नकदी सहित चांदी के सिक्के व मूर्ति उठाकर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में राम कॉलोनी निवासी कृष्ण कुमार ने बताया कि उसकी हिसार रोड पर शर्मा मार्बल के नाम से दुकान है। सांय को वह दुकान मंगल कर घर चला गया। पुलिस ने केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

### सिरसा में ग्राम ज्ञान केंद्र से चुराया सामान

सिरसा। जिला के गांव जमाल में स्थित ग्राम ज्ञान केंद्र से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव जमाल निवासी सुरेंद्र ने बताया कि वह मौजूदा सरपंच विनोद रानी का भतीजा है। उसने बताया कि 22 फरवरी की शाम को वह ग्राम ज्ञान केंद्र को बंद कर घर चला गया। देर रात को चोरों ने ग्राम ज्ञान केंद्र में घुसकर 2 ए. सी. व 4 लोहे के साइन बोर्ड चोरी कर ले गए। सुबह जब वह केंद्र में गया तो उसे घटना का पता चला। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से पूछताछ करते रहे, लेकिन सुराग नहीं लगा।

### साइकिल सवार मोबिल की कैनी लेकर फरार

कालांवाली। कालांवाली में रोड़ी रोड पर गर्ग मशीनरी स्टोर के बाहर रखी मोबिल की 7.5 लीटर की कैनी साइकिल सवार व्यक्ति सुबह उठाकर ले गया। पुलिस को दी शिकायत में दुकान संचालक कालांवाली निवासी विनोद कुमार ने बताया कि उसकी रोड़ी रोड पर गर्ग मशीनरी स्टोर के नाम से दुकान है। सुबह 8 बजे वह दुकान पर आया और कुछ सामान बाहर रखकर काम में लग गया। इसी दौरान एक साइकिल सवार मौका पाकर दुकान के बाहर रखी मोबिल की 7.5 लीटर की कैनी चोरी कर ले गया।

### सोशल मीडिया पर पिस्तौल के साथ फोटो डाला, युवक पर केस दर्ज

फतेहाबाद। सोशल मीडिया पर पिस्तौल के साथ फोटो डालने पर टोहाना पुलिस ने गांव पारतां के एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। सीआईए टोहाना पुलिस की टीम एएसआई सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव पारतां के बस अड्डे पर पहुंची तो पुलिस को सूचना मिली कि कपूर उर्फ गोलू पुत्र राजबीर निवासी पारतां ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर एक फोटो पोस्ट की है जिसमें वह हाथ में पिस्तौल लेकर दहशत फैला रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने उक्त आईडी को चैक किया तो पाया कि उस पोस्ट को काफी लोगों ने लाइक किया हुआ था।

## बदला मौसम: एक और चार मार्च को दो पश्चिमी विक्षोभ और होंगे एक्टिव

# बारिश के बाद उत्तर-पश्चिमी हवाएं चली तो खेतों में बिछी गेहूं की फसल

मौसम विभाग ने बारिश और बादलवाही की संभावना जताई। 30 से 40 किलोमीटर की गति से तेज हवाएं चलने का अंदेशा भी जताया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शुक्रवार को अलसुबह जिलाभर में हुई बारिश से किसानों के चेहरे पर रौनक लौट आई। हालांकि बारिश के बाद दिनभर हवाएं चलने से टोहाना व कुलां क्षेत्र में गेहूं की फसल बिछ गई जिससे वहां के किसान मायूस नजर आए। मौसम विभाग ने 4 मार्च तक पश्मिची विक्षोभ के फिर से एक्टिव होने की संभावना जताई है। 4 मार्च तक क्षेत्र में बारिश व ओलावृष्टि की संभावना जताई जा रही है। पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में सक्रिय हो रहा है, जिससे प्रदेश में बादल छाये रहने की संभावना बन गई है।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ प्रदेश के आसपास सक्रिय होगा। 4 मार्च तक पड़ोसी राज्य पंजाब पर एक दबाव का क्षेत्र बनेगा, इसके प्रभाव से आज से 4 मार्च तक उत्तर पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी की भी पूरी संभावना होगा। इसका असर प्रदेश में भी पड़ेगा। इस समय फतेहाबाद में अधिकतम तापमान 24 से 28 डिग्री के बीच घूम रहा है। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से कुछ ज्यादा चल रहा है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में होने वाले बदलाव को लेकर अलर्ट जारी किया है।

### येलो अलर्ट जारी

हिसार, जींद, फतेहाबाद और सिरसा जिले के लिए विभाग द्वारा येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें 4 मार्च तक मौसम खराब होने की बात कही गई है। इसके अलावा उत्तर हरियाणा के भी जिलों में 30 से 40 किलोमीटर की गति से तेज हवाएं चलने का अंदेशा जताया है। कृषि विशेषज्ञों ने गेहूं की फसल में पानी न लगाने की सलाह किसानों को दी है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि आज हुई बरसात फसलों के लिए फायदेमंद है। 4 मार्च तक बारिश की संभावना बनी हुई है, इसलिए, किसानों को अभी फसल में पानी नहीं लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तेज हवा चलने और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हो सकता है। पश्चिमी विक्षोभ से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। अभी गेहूं की फसल की बालियां निकल रही हैं, जो उसे फायदा पहुंचाएगी। यदि ऐसा मौसम और तापमान बना रहा तो इस बार गेहूं की फसल काफी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि सरसों, चना, जौ की फसल में भी यह बारिश फायदेमंद है। किसान अपने खेत में पानी न खड़ा होने दें।

अलसुबह फतेहाबाद में 8 एमएम, टोहाना में 7 व कुलां में 8 एमएम बारिश दर्ज की गई। बारिश के बाद उत्तर-पश्चिमी तेज हवाएं चलने से कुलां व टोहाना क्षेत्र में गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई। विशेषज्ञों का मानना है कि बारिश के बाद खेतों में पानी रूका हुआ है। गेहूं का तना नीचे गिरने से बालियां काली पड़ जाएंगी जिससे वह पौधा दोबारा प्रोपर उत्पादन नहीं दे पाता। ऐसे में अगर ओर हवा चलती हैं तो खेतों में गेहूं की फसल बिछ सकती है जिससे बड़ा नुकसान हो सकता है।



फतेहाबाद। बरसात से खेतों में बिछी फसल। फोटो : हरिभूमि

### जिले में आज बरसात

| | |
|---|---|
| फतेहाबाद | 8 एमएम |
| रतिया | 2 एमएम |
| टोहाना | 7 एमएम |
| भूना | 2 एमएम |
| भट्टूकलां | 1.5 एमएम |
| जाखल | 6 एमएम |
| कुलां | 8 एमएम |

### गेहूं में पानी न लगाएं

कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने बताया कि मौसम विभाग की भविष्यवाणी के चलते किसानों को सलाह दी जाती है कि वे गेहूं में पानी न लगाएं। गेहूं में पानी लगा होगा तो तेज हवाएं चलने से फसल नीचे बिछ सकती है। उन्होंने कहा कि मौसम ठंडा हो, उससे तो फायदा है लेकिन ओलावृष्टि का नुकसान ज्यादा होगा। बता दें कि शुक्रवार को बारिश के बाद यहां के तापमान में 4 डिग्री गिरावट दर्ज की गई है। आज यहां अधिकतम तापमान 24 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 14 डिग्री दर्ज किया गया।



फतेहाबाद। पीएम श्री जेएनवी खारा खेड़ी में डीएसपी का स्वागत करते प्राचार्य।

## पीएम श्री स्कूल में स्टूडेंट पुलिस कैडेट यूनिट का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

■ विद्यालय में पहुंचने पर डीएसपी जगदीश काजला का प्राचार्य अनूप सिंह ने स्वागत किया

गांव खाराखेड़ी स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में स्टूडेंट पुलिस कैडेट यूनिट का शुभारंभ आज डीएसपी जगदीश काजला ने किया। विद्यालय में पहुंचने पर डीएसपी जगदीश काजला का प्राचार्य अनूप सिंह ने स्वागत किया। इस अवसर पर डीएसपी ने विद्यालय में स्थित ग्रीन पार्क, वर्मी कंपोस्ट संयंत्र, गुरु द्रोण धनुर्वाटिका, भारत अंबा हरित उद्यान, सामाजिक विज्ञान, गणित, विज्ञान की खुली प्रयोगशालाओं तथा बुद्ध शांतिकुंज, अमृता हर्बल उद्यान जैसे विभिन्न स्थलों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय प्रांगण में इस प्रकार के विभिन्न स्थानों से विद्यार्थियों को सीखने के लिए किए जाने वाले नवाचारों का स्वागत किया।

विद्यालय प्रांगण में स्टूडेंट पुलिस कैडेट के यूनिट उद्घाटन समारोह का शुभारंभ करते हुए उन्होंने स्टूडेंट पुलिस कैडेट के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इसके मुख्य कथन अनुशासन, परानुभूति और समर्पण के शब्दों पर विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने एसपीसी के उद्देश्य के अंतर्गत भविष्य के जिम्मेदार नागरिकों का निर्माण करना और सामाजिक जीवन तथा समाज में लोगों के मध्य सहयोग और सशक्तिकरण की भावना को विकसित करने के साथ देश के भविष्य को उज्जवल बनाने का वचन दोहराने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने एसपीसी के लक्ष्य में विद्यालय जाने वाले छात्रों को समाज में नई पहल और कानून के मध्य संबंध स्थापित करने की कड़ी के रूप में बताया। उन्होंने एसपीसी के त्रिस्तरीय संगठन के बारे में भी चर्चा की।

## निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव करवाना प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

■ पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए, 1000 जवान संभालेंगे सुरक्षा का जिम्मा

पुलिस द्वारा 2 मार्च को होने वाले निकाय चुनावों को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए है। सुरक्षा प्रबंधों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि जिला पुलिस के करीब 1000 जवान व अधिकारी निकाय चुनाव में सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे।

उन्होंने बताया कि सिरसा के कुल 32 वार्डों में 143 पोलिंग बूथ बनाए गए है, इसके अलावा 13 बूथ सवेंदशील व 27 बूथ अति-सवेंदशील चिन्हित किए गए है,जिन पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस जिला सिरसा में होने वाले निकाय चुनावों को लेकर जिला के अंदर तथा साथ लगते राजस्थान व पंजाब राज्य की सीमाओं पर कुल 20 नाके स्थापित किए गए है। उन्होंने बताया कि में स्थापित किए गए नाकों पर से गुजरने वाले प्रत्येक वाहनों व व्यक्तियों को बारिकी से चैक किया जा रहा है तथा संदिग्ध किस्म के लोगों पर कड़ी निगाह रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि कुल 28 पेट्रोलिंग पार्टियां बनाई गई है जो चुनाव के दौरान लगातार संबधित क्षेत्र में पैट्रोलिंग कर आने जाने वाले लोगों पर पैनी नजर रखेगी तथा किसी भी प्रकार की सुचना मिलने पर उक्त स्थान पर रिपोर्ट कर स्थिति को संभालेंगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उक्त पेट्रोलिंग पार्टी के अलावा जिला के सभी डीएसपी,सीआईए तथा नारकोटिक्स सेल की टीमें भी लगातार पेट्रोलिंग पर रहेगी।

## फतेहाबाद के जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय में भजन पार्टी में लीडर के पद पर कार्यरत थे

# 90 के दशक में आकाशवाणी रोहतक से फौजी व किसान की पत्नी की वार्ता के प्रस्तुतकर्ता फूल सिंह हुए सेवानिवृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

80 व 90 के दशक में आकाशवाणी रोहतक से प्रसारित किसान और फौजी की पत्नी के आपस में वार्तालाप आपने जरूर सुनी होगी। जिसमें फौजी व किसान की पत्नी अपने पति के कार्यों को सर्वश्रेष्ठ बताते हुए उसके कासिदे गढ़ती है। यह कार्यक्रम उस समय काफी विख्यात हुआ था। इसके प्रस्तुतकर्ता जींद जिले के गांव बेलरखां निवासी फूल कुमार धत्तरवाल आज लोक सम्पर्क विभाग से सेवानिवृत हो गए। वह फतेहाबाद के जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय में भजन पार्टी में लीडर के पद पर कार्यरत थे। उनके सम्मान में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। फूल कुमार के 'विश्वकर्मा से घाट मेरा विक्रम भाई कौन्या' तथा 'देवर-भाभी लडय़ा करें, थारी इसी लड़ाई कौन्या' के लोकगीत काफी प्रचलित हुए। वह अपने 36 साल के कार्यकाल में रेडियो सिंगर से लेकर लोक गायक में कई खिताब हासिल कर चुके हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में प्रदेश के लगभग सभी मुख्यमंत्रियों का गुणगान किया हुआ है। विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने एलबीपी फूल कुमार को भावभीनी विदाई देते हुए उनके सुखद भविष्य व दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम में विभाग के कर्मचारियों ने लीडर भजन पार्टी फूल कुमार को सेवानिवृति होने पर बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभागीय कर्मचारियों ने फूल कुमार की सेवानिवृत्ति पर उनके द्वारा विभाग में दी गई सेवाओं का भी उल्लेख किया। इस मौके पर लीडर भजन पार्टी फूल कुमार ने बताया कि उन्होंने विभाग में लगभग 37 वर्ष तक विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं दी। उन्होंने कहा कि उनका सदैव यह प्रयास रहा है कि उनके द्वारा किया गया कार्य जन भावना में होना चाहिए। उन्होंने विभाग में अपने अनुभवों बारे बताया व सभी कर्मचारियों को निष्ठा व लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया।



फतेहाबाद। लीडर भजन पार्टी फूल कुमार की सेवानिवृति पर मौजूद लोक संपर्क विभाग के कर्मचारी।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर लीडर भजन पार्टी फूल कुमार की पत्नी कैलो देवी, पुत्र सोनू के अलावा उनके परिवार से अनिता, भाई सत्यवान धतरवाल, कृष्ण कुमार धतरवाल, रामफल धतरवाल, रोहताश कुमार धतरवाल, इंद्र सिंह धतरवाल, साधु राम धतरवाल, हरदीप सिंह धतरवाल, पाला राम काला, पवनजीत बनवाला, कार्यालय के प्रोडक्शन इंचार्ज जोतराम घणघस, लेखाकार शशि कुमार, तकनीकी सहायक रणबीर सिंह घणघस, लिपिक संदीप सिवाच, रेणू, अलियास मोहम्मद, दिलबाग सिंह, बलराज सिंह, अजय सिंह, लखमिंद्र, अशोक कुमार, सुंदर सिंह, दीपक, पंकज, नीतू, अमित, अमन, मनीष, प्रीति, बंसी लाल आदि मौजूद रहे।


घोड़े का बच्चा पैदा होने के कुछ देर बाद ही दौड़ और चल सकता है।


मधुमक्खी एक ऐसा जीव है जिसकी पांच आंखें होती हैं।

# डिजिटल सेक्टर में कोर्स कर संवारे भविष्य



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। एक ग्लोबल रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विजुअलाइज़ेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

### ये स्किल अहम

1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

### डिजिटल कोर्सेज

सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़िक डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल सेक्टर की इन ट्रेंड्स में कर सकते हैं महारत हासिल

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

### इंफ्लुएंसर मार्केटिंग

आजकल इंफ्लुएंसर मार्केटिंग बढ़ते हुए डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र का एक प्रमुख तरीका है। इसमें मार्केटिंग कंपनियां सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स के साथ अकाउंट चला रहे इंफ्लुएंसर्स का प्रचार में सहारा लेती हैं। आजकल इंस्टाग्राम, फेसबुक व यूट्यूब पर इंफ्लुएंसर मार्केटिंग का तरीका बहुत बढ़ गया है।

### डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

### जॉब ऑप्शन्स

डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइजर, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

### टॉप रिक्रूटर्स

एफएमसीजी (फ़ास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

### स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है।

## इंजीनियर का मुख्य कार्य तेल और गैस के भंडार का पता लगाना

# पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में बेहतर करियर का अवसर, रोमांचक और चुनौतीपूर्ण




**डॉ. मोहित बंसल**

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी का विकास जरूरी

यदि आप भी गणित और भौतिकी में मजबूत हैं और पृथ्वी विज्ञान, भूगर्भशास्त्र और प्राकृतिक संसाधनों के बारे में रुचि रखते हैं तो आपके लिए अच्छे वेतन और सम्भावनाओं से भरपूर पेशा है पेट्रोलियम इंजीनियर। यह पेशा विशेष रूप से ऊर्जा उद्योग से जुड़ा है, जो विश्व भर में विकासशील और स्थापित अर्थव्यवस्थाओं के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। आज के समय में पेट्रोलियम इंजीनियरिंग एक बहुत ही महत्वपूर्ण और उच्च वेतन वाला पेशा है। पेट्रोलियम इंजीनियरों का मुख्य कार्य तेल और गैस के भंडार का पता लगाना, उनका निष्कर्षण करना और ऊर्जा के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास करना होता है। इस पेशे में तकनीकी ज्ञान और विश्लेषणात्मक सोच की आवश्यकता होती है, साथ ही पेट्रोलियम संसाधनों का कुशल प्रबंधन भी बहुत महत्वपूर्ण है। पेट्रोलियम इंजीनियरिंग का कार्य न केवल उर्जा उत्पादन को बढ़ावा देता है, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा जरूरतों को भी पूरा करने में मदद करता है।



### करियर काउंसलर से लें सलाह

अपने लिए किसी भी करियर को चुनने से पहले, करियर काउंसलर की सलाह लेना हमेशा फायदेमंद होता है, ताकि आप अपने कौशल और रुचियों के आधार पर सही दिशा में कदम बढ़ा सकें। इसके लिए आप www.career-jaano.com पर विजिट कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

**सरकारी संस्थान**

1. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), खड़गपुर
   - कोर्स नाम: बी टेक और एम टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
2. डी. यु. (दिल्ली विश्वविद्यालय), दिल्ली
   - कोर्स नाम: एम्इससी इन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस टेक्नोलॉजी
3. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी), राउरकेला
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
4. ऑयल और गैस इंस्टीट्यूट, गुजरात
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
5. यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यूपीईएस), देहरादून
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

**निजी संस्थान**

1. वेलिंगकर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनजमेंट, मुंबई
   - कोर्स नाम: पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन पेट्रोलियम मैनेजमेंट
2. शिव नादर विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा
   - कोर्स नाम: एम टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
3. आकृति कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, हैदराबाद
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
4. किंगफिशर इंस्टीट्यूट, बैंगलोर
   - कोर्स नाम: एमएससी इन पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी
5. रैज कॉलेज, पुणे
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

### शिक्षा और प्रशिक्षण

1. **बैचलर डिग्री** : पेट्रोलियम इंजीनियर बनने के लिए सबसे पहले आपको एक बैचलर डिग्री की आवश्यकता होती है। यह डिग्री आमतौर पर बी टेक या बी इ के रूप में होती है, जिसमें पेट्रोलियम इंजीनियरिंग, मीन्स, और ग्रीन एनर्जी जैसे विषयों की विशेष जानकारी दी जाती है।
2. **मास्टर डिग्री** : यदि आप इस क्षेत्र में और गहरी विशेषज्ञता हासिल करना चाहते हैं, तो आप एम टेक या एम इस सी इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग कर सकते हैं। इस डिग्री से आपको उच्च-स्तरीय तकनीकी ज्ञान और पेट्रोलियम उत्पादन प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल होती है।
3. **डॉक्टरेट (पीएचडी)** : पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में गहरी रिसर्च करने व अकादमिक पेशेवर बनने के लिए पीएचडी इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग कर सकते हैं। इस क्षेत्र में शोध से नए तकनीकी समाधान और ऊर्जा संसाधनों के कुशल उपयोग के बारे में नई दिशा पा सकते हैं।

### कौशल और योग्यता

1. **तकनीकी ज्ञान** : पेट्रोलियम इंजीनियर को ऊर्जा क्षेत्र, विशेष रूप से तेल और गैस निष्कर्षण तकनीक में गहरी समझ होनी चाहिए।
2. **समस्या हल करने की क्षमता** : पेट्रोलियम इंजीनियर को खतरनाक और जटिल स्थितियों में समस्याओं का समाधान करने की क्षमता होनी चाहिए।
3. **संचार कौशल** : पेट्रोलियम इंजीनियरों को टीम के साथ प्रभावी रूप से संवाद करने की आवश्यकता होती है, क्योंकि यह क्षेत्र टीम-आधारित कार्यों पर निर्भर करता है।
4. **डाटा विश्लेषण कौशल** : पेट्रोलियम इंजीनियरों को उपकरणों और मापदंडों का विश्लेषण करने में सक्षम होना चाहिए, ताकि वे सटीक निष्कर्ष पर पहुँच सकें।

### नौकरी के अवसर

**निजी क्षेत्र में करियर** : पेट्रोलियम इंजीनियर निजी कंपनियों में काम कर सकते हैं, जैसे ऑयल और गैस कंपनियाँ रिलायंस, ओएनजीसी, एस्सार आयल, जहां वे तेल और गैस निष्कर्षण, उत्पादन, और अन्य संबंधित कार्यों में विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं।

**सरकारी क्षेत्र में करियर** : सरकारी क्षेत्र में ओएनजीसी, आईओसीएल, बीपिसीएल, एचपिसीएल जैसी कंपनियों में पेट्रोलियम इंजीनियर नौकरी कर सकते हैं, जहाँ उन्हें तेल, गैस, और ऊर्जा के क्षेत्र में योगदान देने का अवसर मिलता है।

### वेतन और आय

पेट्रोलियम इंजीनियरों का वेतन अनुभव और कार्यस्थल के आधार पर भिन्न हो सकता है। एक फ्रेश पेट्रोलियम इंजीनियर का वेतन 6,00,000 रुपये से 12,00,000 रुपये प्रति वर्ष तक हो सकता है। अधिक अनुभव वाले पेशेवरों का वेतन 15,00,000 रुपये से 25,00,000 प्रति वर्ष तक हो सकता है।

**रोमांचक करियर :** पेट्रोलियम इंजीनियरिंग एक चुनौतीपूर्ण लेकिन रोमांचक करियर है, जो न केवल तकनीकी विकास के अवसर प्रदान करता है, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान का अवसर भी देता है। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए सही शिक्षा, कौशल और अनुभव प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि आप इस क्षेत्र में काम करने के इच्छुक हैं, तो उपयुक्त संस्थानों से शिक्षा प्राप्त करना और इसके साथ ही उचित प्रशिक्षण प्राप्त करना आपके लिए लाभकारी हो सकता है।

# महाकुंभ की प्रेरणा : विद्यार्थियों के लिए लक्ष्य, समर्पण और ईश्वर की कृपा



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

महाकुंभ मेला, जो दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम है, केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है। यह एक जीवन दर्शन है, जो विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, समर्पण, और ईश्वर की कृपा के महत्व का पाठ पढ़ाता है। यह हमें सिखाता है कि सफलता पाने के लिए केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि एक स्पष्ट दिशा, अटूट समर्पण और ईश्वर पर अडिग विश्वास भी आवश्यक है। महाकुंभ में लाखों श्रद्धालु एक ही लक्ष्य लेकर चलते हैं- आत्मिक शुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति। यह लक्ष्य इतना स्पष्ट होता है कि वे सभी कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपने मार्ग पर अग्रसर रहते हैं। विद्यार्थियों के लिए भी यह सबक बहुत महत्वपूर्ण है। जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहले एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है।

## लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा

चाहे वह परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना हो, करियर में उचाईयाँ छूना हो, या कोई व्यक्तिगत सपना पूरा करना हो, लक्ष्य के बिना मेहनत बेकार है। लक्ष्य वह मंदिर है जहाँ तक पहुँचने के लिए आपको रास्ता खुद बनाना होगा। यह रास्ता कठिनाइयों से भरा हो सकता है, लेकिन अगर आपका लक्ष्य स्पष्ट है, तो हर चुनौती एक नई सीख बन जाती है। महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह, आपको भी अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा।

**सफलता की कुंजी** : जिस तरह महाकुंभ में श्रद्धालु अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण दिखाना चाहिए। समर्पण का अर्थ है – लगातार मेहनत करना, चुनौतियों का सामना करना और कभी हार न मानना। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य परीक्षा में टॉप करना है, तो आपको नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और स्वयं को अनुशासित रखना होगा। यह आसान नहीं होगा, लेकिन समर्पण के साथ आप हर बाधा को पार कर सकते हैं। महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह, आपको भी अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा।

**ईश्वर की कृपा**: मेहनत के साथ आशीर्वाद महाकुंभ में लोग ईश्वर की कृपा पाने के लिए जुटते हैं, लेकिन यह कृपा केवल प्रार्थना से नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाने से मिलती है। विद्यार्थियों को यह समझना चाहिए कि ईश्वर की कृपा हमेशा उनके साथ है, लेकिन यह केवल तभी फल देती है जब आप अपनी मेहनत और लगन से उसे सींचते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप परीक्षा में सफल होना चाहते हैं, तो केवल प्रार्थना करने से काम नहीं चलेगा। आपको पढ़ाई में पूरी मेहनत करनी होगी, और साथ ही ईश्वर पर विश्वास रखना होगा कि वह आपके प्रयासों को सफलता में बदल देंगे।

### विद्यार्थियों के लिए महाकुंभ का संदेश

महाकुंभ हमें सिखाता है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, कड़ी मेहनत और ईश्वर की कृपा तीनों का संतुलन ही सफलता का मार्ग है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें, महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह समर्पित रहें, और ईश्वर पर विश्वास बनाए रखें। याद रखें, मेहनत और आशीर्वाद का संगम ही आपको जीवन के महाकुंभ तक पहुँचाएगा। लक्ष्य बड़ा हो, समर्पण गहरा हो, और ईश्वर की कृपा सदैव आपके साथ हो। मेहनत और विश्वास का यह संगम आपको सफलता के शिखर तक ले जाएगा। यह वाक्य न केवल एक प्रेरणादायक संदेश है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का मंत्र भी है।

**लक्ष्य बड़ा हो** : जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहले एक बड़ा और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। लक्ष्य वह ध्रुव तारा है जो आपको अंधेरे में भी सही दिशा दिखाता है। चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में उच्च प्राप्तियाँ हों, करियर में सफलता हो, या कोई व्यक्तिगत सपना, लक्ष्य के बिना मेहनत बेकार है। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य एक प्रतिष्ठित कॉलेज में प्रवेश पाना है, तो यह लक्ष्य आपको हर दिन प्रेरित करेगा। आपको पता होगा कि आपको क्या करना है और क्यों करना है। लक्ष्य बड़ा होने से आपकी सोच विस्तृत होती है और आप चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं।

**समर्पण गहरा हो** : लक्ष्य निर्धारित करने के बाद उसे पाने के लिए गहरा समर्पण आवश्यक है। समर्पण का अर्थ है – लगातार मेहनत करना, चुनौतियों का सामना करना और कभी हार न मानना। जिस तरह महाकुंभ के श्रद्धालु अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होना चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य परीक्षा में टॉप करना है, तो आपको नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और स्वयं को अनुशासित रखना होगा। यह आसान नहीं होगा, लेकिन समर्पण के साथ आप हर बाधा को पार कर सकते हैं। समर्पण वह शक्ति है जो आपको लक्ष्य तक पहुँचाती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$* में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या Z है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या M है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) M+Z (बी) M-Z
(सी) M x Z (डी) M/Z

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप

### 10 मार्च तक जमा करवाए दस्तावेज

**फतेहाबाद।** ड्रोन पायलट ट्रेनिंग के लिए जिला के पात्र कस्टम हायरिंग केंद्रों, एफपीओ के किसान सदस्य अपने दस्तावेज 10 मार्च तक सहायक कृषि अभियंता कार्यालय, फतेहाबाद में जमा करवाए। जानकारी के लिए किसान किसी भी कार्य दिवस को सहायक कृषि अभियंता के कार्यालय में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। सहायक कृषि अभियंता पवन कुमार ने बताया कि जिन्होंने 20 जनवरी से 5 फरवरी तक कृषि विभाग की पोर्टल पर ड्रोन पायलट ट्रेनिंग (प्रशिक्षण) लेने के लिए आवेदन किया था, उनमें से पात्र लाभार्थी अपने दस्तावेज जमा करवा सकते हैं।

### मॉडल टाऊन से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने शहर के मॉडल टाऊन से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में मॉडल टाऊन फतेहाबाद निवासी भूपिन्द्र वढेरा ने कहा है कि गत दिवस उसने अपने मोटरसाइकिल को अपने घर के बाहर ताला लगाकर खड़ा किया था और घर चला गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब बाईक बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### अस्पताल में स्टाफ नर्स की कार हुई अनियंत्रित

**फतेहाबाद।** नागरिक अस्पताल की पार्किंग में शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया, जब एक स्टाफ नर्स की कार अनियंत्रित होकर तार को तोड़ते हुए नशा मुक्ति केंद्र की दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के एयरबैग खुल गए, जिससे उसमें सवार लोग बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्टाफ नर्स सुबह अस्पताल पहुंचीं और कार पार्क कर रही थीं, तभी वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया। तेज रफ्तार में कार तार को तोड़ते हुए दीवार से जा टकराई, जिससे मौके पर हडक्रंप मच गया। हालांकि, एयरबैग खुलने के कारण कोई गंभीर चोट नहीं आई। घटना के बाद अस्पताल कर्मियों और स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई।

# गुरुकृपा मंडल द्वारा होली उत्सव : 'तेरे नाल ग्लां करण नु जी करें, दस की करिये' ने बांधा समां

कार्यक्रम में मंडल के सभी सदस्यों ने ज्योति प्रज्वलित करके इसका शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शीश के दानी महिला मंडल को ओर से होली उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में लाजपत नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडल के सभी सदस्यों ने ज्योति प्रज्वलित करके इसका शुभारंभ किया। इसके बाद भारत टुटेजा ने गणेश वंदना, गुरुवंदना गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद श्याम प्रेमी सुनील मदान ने 'बोलो बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय' भजन से बाबा श्याम की महिमा का गुणगान किया। टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने भजन 'तू कृपा कर बाबा कीर्तन करवाऊंगा, खाटू वाले श्याम जी कमाल हो गया-बंदा तेरा बाबा माला मॉल हो गया,

खाटू वाले श्याम तेरा सच्चा दरबार है', श्याम बाबा को दरबार मने भावे, होली आई श्याम मोपे रंग डालो' आदि सुंदर सुंदर भजनों से होली का आनंद बरसाया। रंग होली, फूल होली, लड्डू होली से सभी ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम में श्याम दरबार देखने योग्य था। उसके बाद बाबा श्याम की आरती की गई व कलाकारों को मंडल की ओर से सम्मानित किया। विशेष गुरुकृपा मंडल के अध्यक्ष भारत टुटेजा को सम्मानित किया। इस मौके पर ज्योति जुनेजा, राखी भुटानी, चारू बजाज, पूनम भुटानी, रजनी, शैफाली, मीनू सेठी, ममता तनेजा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

मस्ती में झूमे होली महोत्सव में



फतेहाबाद। होली उत्सव में भजनों पर झूमती महिला श्रद्धालु।



## श्री चैतन्या टेक्नो स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**फतेहाबाद।** मताना रोड पर स्थित श्री चैतन्या टैक्नो स्कूल में साईंस एक्सपो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर भागवंती व एएसआई सुमन, स्कूल प्रिंसीपल अम्बिका अरोडा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए व महान वैज्ञानिक चन्द्रशेखर वेंकटरमन को नमन करते हुए किया गया। इस अवसर पर छठी से नौंवी कक्षा के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मॉडल का निर्माण करके विज्ञान के बारे में अपनी जानकारी को दर्शाया व उनके विषय में बताते हुए व अपने ज्ञान का प्रदर्शन करके उपस्थित अभिभावकगण व मुख्य अतिथि को दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। विज्ञान प्रदर्शनी में आकर्षण का मुख्य केन्द्र हाईड्रोलिक जेसीबी, वर्षा जल प्रबंधन, सोलर सिस्टम, कैंडी मशीन, आधुनिक कृषि तकनीक, रोबोटिक फार्मिंग रही।

विद्यार्थियों ने उपस्थित सभी सदस्यों को उनके द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के मॉडल्स के बारे में बहुत ही उत्साह व आत्मविश्वास के साथ जानकारी प्रदान की। दूसरी ओर अभिभावकों के लिए खेलों का आयोजन भी किया गया। स्कूल के एजीएम बालाकृष्णा, रिजनल इंचार्ज फनी कुमार, अकैडमिक डीन सत्यनारायण ने सभी विद्यार्थियों व स्टाफ को कार्यक्रम के सफल आयोजन की बधाई दी। स्कूल प्रिंसीपल अम्बिका अरोड़ा ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद करते हुए व सभी अभिभावकों व बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है।

## जिला स्तरीय अपराध व कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित

# अवैध शराब बिक्री करने वाले खुर्दों के खिलाफ कार्रवाई करें

■ पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने शुक्रवार कोडीएसपी, इंचार्ज अपराध शाखा, थाना प्रबंधक, चौकी प्रभारी चौकी के साथ जिला स्तरीय अपराध व कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान जिले में घटित अपराध के आंकड़ों का विश्लेषण किया व कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु विचार विमर्श किया। पुलिस अधीक्षक ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि अवैध शराब की बिक्री करने वाले खुर्दों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

ऐसे मामलों में ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं होगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि थाना/चौकी में प्राप्त शिकायतों का कानून के दायरे में रहते हुए प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्वक निपटारा समयबद्ध रूप से करना सुनिश्चित करें व अनुसंधानाधीन मामलों का



सिरसा। बैठक में समीक्षा करते हुए एसपी सिद्धांत जैन। फोटो : हरिभूमि

निपटारा चरणबद्ध रूप से किया जाए ताकि आपराधिक न्याय व्यवस्था में लोगों का विश्वास बढ़े व पीड़ित पक्ष को उचित न्याय मिल सके। साथ ही नशे की व्यापक स्तर पर तस्करी करने वालों के खिलाफ ठोस कार्य योजना तैयार की गई ताकि युवा पीढ़ी को इसकी गिरफ्त में न आने हेतु उचित कदम उठाए जा सकें। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रबंधकों व चौकी प्रभारियों को ईमानदारी व लगन से कर्तव्य निर्वाह करने व अपने इलाका में आमजन को शांतिपूर्ण माहौल देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को टीम के तौर पर अच्छी नियत के साथ ईमानदारी से कार्य करें। प्रबंधक थाना/चौकी इंचार्ज अपने-अपने क्षेत्र में चोरी की वारदातों को रोकने के लिए सायंकालीन गश्त व रात्रि गश्त प्रभावी ढंग से करें। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रबंधकों व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने एरिया में पढने वाले स्कूल व कॉलेज में छुट्टी के समय गश्त व पेट्रोलिंग करेंगे और शरारती तत्वों पर नजर रखें। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने थाना के पेंडिंग केसों व केस प्रॉपर्टी का शीघ्र से शीघ्र निपटारा करवाएं। पुराने वाहन जो थानों में खड़े हैं उनको डिस्पोज करने एवं लंबित अदम पता व अखराज रिपोर्ट को अदालत में सबमिट कराने हेतु दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने यातायात प्रभारी को निर्देश दिए कि वह ट्रैफिक पर विशेष ध्यान देकर जाम की स्थिति पैदा न होने दे। उन्होंने निर्देश दिए कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले, ओवर स्पीड, बिना नंबर प्लेट, ब्लैक फिल्म तथा बुलेट वाहनों से पटाखे बजाने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त व प्रभावी कार्यवाही करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हरियाणा सरकार की भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति को दृढ़तापूर्वक लागू करके इसमें संलिप्त कर्मचारी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जाएगी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों को नगद इनाम व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# क्रेसण्ट स्कूल में जूनियर स्पोर्ट्स फेस्ट 'एकता एवं समावेशिता' रही थीम






फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में आयोजित स्पोर्ट्स फेस्ट में भाग लेते विद्यार्थी और क्रेसंट स्कूल में आयोजित स्पोर्ट्स फेस्ट में विजेताओं को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक। फोटो : हरिभूमि

■ कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों के स्वागत गीत की मधुर प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रेसण्ट पब्लिक स्कूल में 'एकता एवं समावेशिता' थीम के साथ जूनियर स्पोट्र्स फेस्ट 2025 का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। स्पोर्ट्स फेस्ट का शुभारंभ विशिष्ट अतिथिगण को तिलक लगाकर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मशाल प्रज्ज्वलन एवं मार्च पास्ट से हुई, जिसमें नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने अनुशासन एवं एकता का सुंदर प्रदर्शन किया। कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों के स्वागत गीत की मधुर प्रस्तुति ने वातावरण को और अधिक उल्लासमय कर दिया। स्पोट्र्स फेस्ट में विभिन्न प्रकार की ड्रिल्स व रेसिस को बड़े उत्साह से दर्शाया गया। विशेष रूप से तैयार की गई पोम-पोम ड्रिल, एरोबिक स्वैग ड्रिल, फ्यूजन ड्रिल, योगा ड्रिल एवं साड़ी ड्रिल के माध्यम से नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने संतुलन, रचनात्मकता, अनुशासन एव टीम वर्क की भावना का प्रदर्शन किया।

विभिन्न रोमांचक एवं चुनौतीपूर्ण बनी मंकी रेस, बटर फ्लाई, पैक द बैग, इन एवं आउट, बाल बैलेंस ऑन कप व प्लेट, टर्टल रेस बलून बस्टिंग तथा रन इन द रिंग में नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने पूरे जोश एवं उमंग के साथ भाग लिया। खेल प्रतियोगिता के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति सुंदर नृत्य एवं संगीत प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम को और अधिक रोचक बनाने के लिए अभिभावकों, शिक्षकों एवं स्कूल हैल्पर को भी प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर दिया गया जिससे विद्यार्थियों का उत्साह और अधिक बढ़ गया। यह सत्र सभी को खेलों की प्रतिस्पर्धा से बाहर निकालकर मनोरंजन एवं विश्राम का सुखद अवसर प्रदान करने के लिए रखा गया था। विजयी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को प्रधानाचार्या एवं प्रबधन समिति द्वारा पदक, प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या पूनम ने खेलों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने बताया कि यह जूनियर स्पोट्र्स फेस्ट 2025 सभी के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव है जिसमें न केवल बच्चों शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भी भरपूर आनंद उठाया।

## मानावाली में ढाणी में घुसे चोर, गहने नकदी और हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** गांव मानावाली में एक ढाणी में घुसकर अज्ञात चोर हजारों के चांदी के जेवरात, नकदी व अन्य सामान चोरी कर ले गए है। इस बारे सूचना मिलते ही भट्टूकलां पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस को दी शिकायत में गांव मानावाली निवासी सुरेश कुमार ने कहा है कि उसकी गांव में ढिंगसरा से खैराती रोड पर ढाणी है और वह एसडीएम के एसडीएम कार्यालय में क्लर्क के पद पर कार्यरत है जबकि उसकी पत्नी पूनम स्वास्थ्य विभाग मेहूवाला में नर्स है। आज दोपहर को जब उसकी पत्नी घर लौटी तो देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ था और अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था। कमरे में अलमारी का लॉकर भी टूटा हुआ था। जब उसने सामान को चैक किया तो पाया कि अज्ञात चोर अलमारी से 25 तोले चांदी के जेवरात, एक मोबाइल फोन, एक टैबलेट, ईयर बड्स व करीब 3 हजार नकदी चोरी कर ले गए हैं।

### चोरी का दूसरा आरोपी काबू

**सिरसा।** रोड़ी थाना पुलिस ने पेस्टिसाइड की दुकान से करीब 7 लाख रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दूसरे आरोपी को काबू कर लिया है। रोड़ी थाना प्रभारी राजबाला ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान रमनदीप उर्फ ज्ञानी पुत्र सरवन सिंह निवासी तलवंडी साबो, पंजाब के रूप में हुई है। भीम सिह पुत्र शिंगारा सिह निवासी सुरतिया पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी मेन रोड सुरतिया गांव में किसान पेस्टिसाइड के नाम से दुकान है। जब दुकान को बंद कर अपने स्टोर पर चले गए तो पीछे से बाइक सवार दो अज्ञात युवक आए और दुकान का ताला तोड़ कर दुकान के गल्ले से करीब सात लाख रुपए चोरी करके ले गए। पीडित की शिकायत के आधार पर बीती 29 दिसंबर को अज्ञात लोगों के खिलाफ रोड़ी थाना में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई। रोड़ी थाना की एक पुलिस टीम ने जांच के दौरान एक आरोपी कुशप्रीत सिंह को पहले ही अदालत से प्रोडक्शन वांरट पर लेकर मुकदमा के संबंध में पूछताछ की गई थी। गिरफ्तार युवक रमनदीप को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

## सरकार ने गोशालाओं के लिए जारी की 107 करोड़ की ग्रांट: बिश्नोई

**सिरसा।** प्रदेश सरकार ने हरियाणा की 599 गौशालाओं के लिए 107 करोड़ रुपए की ग्रांट जारी कर दी है। जिलाध्यक्ष योगेश बिश्नोई ने समस्त गौशालाओं की ओर से पशुपालन मंत्री हरियाणा व प्रदेश सरकार का ग्रांट जारी करने के लिए आभार जताया। बिश्नोई ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई यी राशि देशभर के राज्यों में दी गई सबसे बड़ी राशि है। शेष गौशालाओं की राशि भी जल्द जारी की जाएगी।

प्रदेशभर की 599 गौशालाओं में 3.5 लाख से अधिक गौवंश का बेहतर तरीके से पालन-पोषण किया जा रहा है। उन्होंने गौशालाओं की तरफ से सरकार से आग्रह किया कि जो गौचर भूमि है, उसे अन्य काम में न लेकर गौशालाओं के पास रखा जाए व गुजरात राज्य की तर्ज पर गोचर भूमि विकास बोर्ड बनाया जाए।

## किसान संगठनों का प्रदर्शन

**फतेहाबाद।** टोहाना में अखिल भारतीय किसान सभा, खेत मजदूर यूनियन और सीटू ने कुलां उप तहसील कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। किसान सभा के जिला उपप्रधान जगतार सिंह के नेतृत्व में तीनों संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। प्रमुख मांगों में कुला को ब्लॉक का दर्जा देने की मांग शामिल है। किसान नेता जगतार सिंह ने कहा कि उप तहसील में स्थायी तहसीलदार की नियुक्ति उनकी प्रमुख मांगों में से एक है। धारसूल पैक्स में चेयरमैन का चुनाव कराने और किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने की मांग की गई। बिजली से जुड़ी समस्याओं में धारसूल के 132 केवी बिजली घर में एसडीओ पद सृजित करने, लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करने और बिजली बिलों में अनावश्यक चार्ज हटाने की मांग शामिल है। प्रीपेड मीटर की नीति को रद्द करने की मांग भी की गई। किसानों ने शिक्षा के क्षेत्र में रसूलपुर में घोषित गुरु रविदास मेडिकल कॉलेज का निर्माण शीघ्र शुरू करने, कुलां में सरकारी कॉलेज बनाने और सभी राजकीय स्कूलों में पूर्ण स्टाफ की नियुक्ति की मांग की गई। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए कुला, इंदा छोई व म्योंद पीएचसी में पूरा स्टाफ नियुक्त करने की मांग रखी गई। अन्य महत्वपूर्ण मांगों में आवारा पशुओं की समस्या का समाधान, रंगोई नाले की सफाई, मनरेगा में 100 दिन का रोजगार, बाढ़ व सूखे का मुआवजा और एमएसपी गारंटी कानून लागू करने की मांग शामिल है। किसानों ने पराली जलाने के मामले में दर्ज मुकदमों को रद करने और घग्गर नदी में जल प्रदूषण रोकने की मांग भी की।

■ मेडिकल कॉलेज का निर्माण शुरू करवाने की मांग

## छात्राध्यापकों ने मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन सिरसा में साइंस एंड मैथ क्लब की ओर से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर डोक्यूमेंटरी व वाद-विवाद सत्र आयोजित किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच व विज्ञान के प्रति रूचि उत्पन्न करना है। इसके तहत छात्रध्यापकों को सी.वी. रमन के जीवन और उन द्वारा किए गए वैज्ञानिक कार्यों तथा इस दिन को मनाने से संबंधित डाक्यूमेंटरी दिखाई गई। इसके पश्चात आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस मानव को तबदील कर सकती है या नहीं- विषय पर वाद-विवाद सत्र में छात्राध्यापकों ने इसके पक्ष और विपक्ष पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके पक्ष में कहा गया कि कृत्रिम बुद्धिमता कैसे तेजी से व दक्षता से काम करती है और यह स्वचालित है और बिना रूके काम करती है। वहीं इसके विपक्ष में छात्राध्यापकों ने कहा कि इसके कारण नौकरियों पर खतरा बढ़ता जा रहा है, संवेदनशीलता की कमी के साथ साथ नैतिक समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन इंचार्ज रेणू बाला व सदस्य निधि मेहता ने करवाया।

## फतेहाबाद में शराब ठेके के बाहर युवक पर बोला हमला

**फतेहाबाद।** शहर में रतिया रोड स्थित शराब ठेके के बाहर कुछ युवकों ने एक व्यक्ति पर डंडों व तलवारों से हमला कर दिया। युवकों ने गाड़ी के शीशों को तोड़ दिया वहीं गाड़ी में रखी हजारों की नकदी भी उठाकर ले गए। घायल युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में आजाद नगर फतेहाबाद निवासी सुनील कुमार ने कहा है कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। गत दिवस रात को वह अपने दोनों बेटों के साथ क्रेटा गाड़ी में सवार होकर पपीहा पार्क से वापस अपने घर जा रहा था। जैसे ही उसने रतिया रोड पर शराब ठेके के बाहर शराब लेने के लिए गाड़ी रोकी तो इसी दौरान शंकर निवासी बालाजी कालोनी, अनमोल, रवि व अन्य युवकों ने उस पर लाठी-डंडों व तलवार से हमला कर दिया। आरोप है कि इन युवकों ने उसकी गाड़ी के शीशों को भी तोड़ दिया और जाते समय गाड़ी में रखे 70 हजार रुपये भी अपने साथ ले गए हैं। सुनील ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने उसे असला दिखाते हुए जान से मारने की भी धमकी दी है। बाद में उसे फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में ले गए जहां उसका उपचार चल रहा है। इस मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ गाड़ी में तोडफ़ोड़ कर हजारों की नकदी ले उड़े हमलावर

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यशाला

# विज्ञान का दृष्टिकोण अपनाकर जीवन सुगम बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यशाला हुई। इस कार्यशाला में विद्यालय के अंग्रेजी प्रवक्ता, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के इंचार्ज एवं स्काउट मास्टर नरेश कुमार ग्रोवर ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों को समझाया कि विज्ञान का दृष्टिकोण अपनाकर हम अपने जीवन को सुगम और तर्कसंगत बना सकते हैं तथा अंधविश्वास से दूर रह सकते हैं। इस दौरान नरेश कुमार ग्रोवर ने बताया कि 28 फरवरी 1928 को प्रसिद्ध वैज्ञानिक सीवी रमन ने रमन इफेक्ट की खोज की थी, जिसके लिए उन्हें वर्ष 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने इस खोज की वैज्ञानिक एवं सामाजिक उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में शोध एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया। मौके पर रोहित, भारत भूषण, राजेश कुमार, प्रदीप कुमार, दलजीत सिंह, अजय कुमार, सुखविंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, रोहतास, गौरव, टीना, भूपेंद्र सिंह, सरोज रानी, रचना मेहता, मीनू आदि ने कार्यशाला में सक्रिय योगदान दिया।




सिरसा। स्काउट मास्टर नरेश कुमार ग्रोवर ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण बोर बताते हुए। फोटो : हरिभूमि



सिरसा। एनएसएस शिविर में उपस्थित छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## एनएसएस का सात दिवसीय शिविर शुरू

**सिरसा।** सीएमके महाविद्यालय में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। एनएसएस युनिट की नोडल आफिसर डॉ. दीपिका शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रति तिवारी, डॉ. सरबन कंबोज ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में समाज कल्याण, राष्ट्रहित और सकारात्मक सोच और सकारात्मक विचार को जन्म देते हैं। उन्होंने स्वाभाविक स्वच्छता व संस्कार स्वच्छता के महत्व को छात्रों के बीच सांझा किया। शिविर के प्रथम दिन नागरिक अस्पताल से आए मुख्य अतिथि डॉ. कमल ने एडस के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया तथा एडस व एचआईवी में अंतर व इसके लक्षणों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों को कराटे प्रशिक्षण सत्र में भाग लेने का अवसर मिला।

# दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों के लिए मूल्यांकन शिविर 3 मार्च से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

■ शिविर में जांच उपरांत जरूरतमंदों को उपलब्ध करवाए जाएंगे विभिन्न कृत्रिम अंग

जिला प्रशासन व जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा भारत सरकार के कृत्रिम अंग निर्माण निगम लिमिटेड, मोहाली के सहयोग से जिला फतेहाबाद के दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों की सहायतार्थ प्रथम चरण में 3 मार्च को सुबह 9 बजे से स्थानीय पटवार भवन, 4 मार्च को सुबह 9 बजे से सामुदायिक केंद्र रतिया तथा 5 मार्च को सुबह 9 बजे से किसान रेस्ट हाउस, टोहाना में मूल्याकंन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष मनदीप कौर ने बताया किइस मूल्यांकन शिविर में जरूरतमंद दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों को उनकी जरूरत के हिसाब से सहायक उपकरण जैस तिपहिया साइकिल, व्हील चेयर, कानों की सुनने वाली मशीन, बैशाखी, व्हील चेयर, फोल्डिंग वाकर, कमोड वाली कुर्सी तथा अन्य सहायक उपकरण व कृत्रिम अंग हेतू निशुल्क वितरण करने से पूर्व जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा दूसरे चरण में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम मोहाली द्वारा सहायक उपकरण उपलब्ध करने के उपरान्त दिव्यांगजनों को उनकी जरूरत का सहायक उपकरण निशुल्क प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने जिला के अधिक से अधिक दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे इन शिविरों का लाभ अवश्य उठाए। दिव्यांगजन व्यक्तियों को इस मूल्यांकन शिविर में दिव्यांगजन का 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाला यूडीआईडी कार्ड की फोटो कापी, नियोक्ता/संस्था के प्रमुख/ग्राम प्रधान /तहसीलदार /राज्य के सक्षम राजस्व प्राधिकारी द्वारा जारी लाभार्थी या अभिभावक के आय प्रमाण पत्र की प्रति, निशुल्क वितरण के लिए मासिक आय 22500 रुपये से कम या इसके बराबर होनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### युवक चोरीशुदा बाइक सहित दबोचा

**सिरसा।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ की पुलिस टीम ने जांच के दौरान शाह सतनाम स्पेशलिस्ट अस्पताल के सामने से हुई बाइक चोरी की घटना को सुलझाते हुए एक युवक को चोरीशुदा बइक सहित काबू किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मनजीत सिंह पुत्र हरमन सिंह निवासी वार्ड नंबर 8 सिरसा के रुप में हुई है।

### जीएसटी एमनेस्टी योजना का उठाएं लाभ

**सिरसा।** केंद्र सरकार द्वारा पात्र करदाताओं को बकाया कर पर ब्याज एवं जुर्माने में राहत देने के लिए जीएसटी एमनेस्टी योजना लांच की गई है। इस योजना को हरियाणा सरकार द्वारा भी लागू किया गया है। उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (बिक्री कर) आलोक पाशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

### युवक 6.27 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**डबवाली।** एंटी नारकोटिक्स सेल डबवाली से गश्त के दौरान शहर में शिव मंदिर क्षेत्र से एक युवक को 6 ग्राम 27 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल डबवाली प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि एएसआई दलबीर सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान शिव मंदिर के पास मौजूद थे। आते युवक को काबू किया था।

### सिरसा में राष्ट्रीय लोक अदालत 8 को

**सिरसा।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार न्यायालय परिसर उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में आगामी 08 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है।

### नीलगाय हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** नीलगाय हत्या मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान फरीदा पुत्र सुबा सादक निवासी नवां गांव हनुमानगढ़ राजस्थान के रूप में हुई है। गुरजिंद्र सिंह गांव गिदड़ खेड़ा की शिकायत पर नीलगाय की हत्या करने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

---

100 दिन में सरकार ने 18 वादों को पूरा किया, अन्य जल्द होंगे पूरे: नायब सिंह सैनी

# जाखल में चुनाव प्रचार के अंतिम क्षण सीएम की जनसभा में उमड़ी भारी भीड़

- रतिया नगरपालिका की प्रधान प्रीति खन्ना ने भी भाजपा में शामिल होने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद





**फतेहाबाद।** जाखल में सीएम का स्वागत करते बीजेपी में शामिल रतिया नगरपालिका प्रधान प्रीति खन्ना व जाखल में जनसभा को संबोधित करते सीएम।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली की तरह पंजाब के लोग भी आम आदमी पार्टी की सरकार से छुटकारा पाना चाहते हैं। पंजाब के लोग विधानसभा चुनावों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आप देखना 2027 में पंजाब में होने वाले चुनाव में वहां की जनता आम आदमी पार्टी सरकार को चलता करने का काम करेगी और वहां भी कमल का फूल खिलेगा। सीएम नायब सिंह सैनी शुक्रवार को जिले के जाखल क्षेत्र में आयोजित जनसभा के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वे आज यहां जाखल नगरपालिका प्रधान पद के लिए भाजपा प्रत्याशी सुरेन्द्र मित्तल के लिए वोटों की अपील करने हुए थे। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आयोजित इस जनसभा में काफी भीड़ उमड़ी। सीएम ने कहा सुरेन्द्र मित्तल उनके पुराने मित्र व युवा मोर्चा से जुड़े कार्यकर्ता है। जनसभा में रतिया नगरपालिका की प्रधान प्रीति खन्ना ने भी भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। सीएम नायब सिंह सैनी ने बीजेपी में उन्हें शामिल करवाते हुए उनका स्वागत किया। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में हो स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त लहर है। 12 मार्च को जब स्थानीय निकाय चुनावों के रिजल्ट आएंगे तो हरियाणा प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। यह ट्रिपल इंजन की सरकार तीन गुणा गति से काम करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है और पैसों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि 100 दिन में उनकी सरकार ने अपने संकल्प पत्र में शामिल 18 वादों को पूरा करने का काम किया है जबकि 10 वायदों पर काम चल रहा है, जल्द ही 10 ओर संकल्प इसमें जुड़ जाएंगे। भाजपा प्रत्याशी सुरेन्द्र मित्तल के लिए वोटों की अपील करते हुए सीएम ने कहा कि भाजपा सरकार तीन गुणा गति से काम करने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि जो विकास के काम लाडवा में होंगे, वैसे ही विकास के काम जाखल में करवाए जाएंगे। विकास को लेकर कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा। जाखल नगरपालिका प्रधान पद के उम्मीदवार सुरेन्द्र मित्तल ने सीएम का जाखल पहुंचने पर स्वागत किया और जाखल क्षेत्र की समस्याओं को विस्तार से उनके सामने रखा। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, एससी आयोग के चेयरमैन प्रो. रविन्द्र बलियाला, पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली, पूर्व मंत्री अनूप धानक, जाखल चुनाव प्रभारी विशम्बर वाल्मीकि, पूर्व विधायक दुड़ाराम, भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा, जिला परिषद चेयरमैन सुमन खिचड़, भाजपा नेता श्रीनिवास गोयल, चेयरमैन भारत भूषण मिढ़ा सहित अनेक भाजपा नेता मौजूद रहे।



**सिरसा।** मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा का नागरिक परिषद अभिनंदन करते हुए।

# मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा का किया अभिनंदन

**सिरसा।** नागरिक परिषद ने दिल्ली सरकार में मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा का जोरदार अभिनंदन किया। परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि सिरसावासियों को उन पर गर्व है कि उन्होंने दिल्ली में विभिन्न पदों पर रहते हुए सिरसा का नाम रोशन किया। गौरतलब हो कि सिरसा के गांव बाजेकां निवासी मनजिंदर सिंह सिरसा काफी समय में दिल्ली में रहकर राजनीति में उच्च मुकाम हासिल कर चुके हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा, सुरेंद्र भाटिया, गुरजीत सिंह मान, वरिष्ठ इनेलो नेता जसबीर सिंह जस्सा, सुरेंद्र सिंह वेदवाला ने उन्हें बुक्के देकर बधाई दी। वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा ने कहा कि सिरसा वासियों को मनजिंदर सिंह सिरसा पर गर्व है कि उन्होंने सिरसा से दिल्ली जाकर सिरसा का नाम रोशन किया। उल्लेखनीय है कि मनजिंदर सिंह सिरसा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव हैं। इससे पहले वह शिरोमणि अकाली दल पार्टी से जुड़े रहे हैं। उन्होंने 2013 से 2015 और 2017 से 2020 तक दिल्ली विधानसभा के सदस्य के रूप में भी काम किया है और उनके पास दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष का भी दायित्व रहा है। उधर मनजिंदर सिंह सिरसा के पैतृक गांव बाजेकां के लोगों ने भी उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।



**सिरसा।** शहर में रोड शो के दौरान वोटों की अपील करते मुख्यमंत्री।

# चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सिरसा पहुंचे मुख्यमंत्री

- शहर में निकाला रोड शो, कमल का फूल खिलाने के लिए शहरवासियों से मांगा आशीर्वाद

**सिरसा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दावा किया है कि नगर निकाय परिषद सिरसा के चुनाव में बड़े अंतर से कमल खिलेगा और प्रदेश में एक बार फिर शहरी मतदाता निकाय चुनाव में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने जा रहे हैं। नायब सैनी शुक्रवार को निकाय चुनाव में प्रचार के अंतिम दिन रोड शो के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पार्टी के चेयरमैन व पार्षद पदों के उम्मीदवार के समर्थन में रोड शो किया। यह रोड शो जनता भवन रोड के नेहरू पार्क से शुरू होकर शहर के मुख्य बाजारों से होता हुआ पार्टी कार्यालय पहुंचा। रोड शो के दौरान कई जगह मुख्यमंत्री को लोगों ने माला पहनाई, वहीं मुख्यमंत्री ने उन पर फूल बरसा कर अभिवादन किया और कमल पर वोट डालने की अपील की। मुख्यमंत्री के साथ खुले रथ पर पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली, पूर्व मंत्री गोपाल कांडा, पार्टी जिलाध्यक्ष शीशपाल कंबोज, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व विधायक दुड़ा राम, प्रदीप रातुसरिया, रोहताश जांगड़ा सहित पार्टी पदाधिकारी भी सवार हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश व प्रदेश में सरकार बनने के बाद अब शहरी निकाय चुनाव में जनता कमल का फूल खिलाएगी ताकि ट्रिपल इंजन की सरकार और तेज गति से विकास को गति दे सके। प्रधानमंत्री से मुलाकात के सवाल पर मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने प्रदेश में हो रहे निकाय चुनावों की जानकारी प्रधानमंत्री को दी और उनका आशीर्वाद लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि निकाय चुनाव में कमल खिलाकर आओ ताकि प्रदेश को विकास की अग्रिम पंक्ति में खड़ा किया जा सके। प्रधानमंत्री के साथ प्रदेश के कई बड़े प्रोजेक्ट्स पर भी चर्चा हुई, वहीं बारीकी से बिंदुवार हर विषय पर विचार-विमर्श किया।

---

# चौ. देवीलाल विवि में मनाया विज्ञान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

सीडीएलयू के भौतिकी विभाग की ओर से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर साल 28 फरवरी को भारतीय भौतिक विज्ञानी सी.वी. रमन द्वारा 1928 में की गई रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश कुमार बंसल ने शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर राम मेहर दीक्षित ने की। कुलसचिव डॉ. राजेश कुमार बंसल ने विज्ञान विषय के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को बताया। इससे पूर्व थापर यूनिवर्सिटी पटियाला के भौतिकी विभाग के प्रोफेसर मनोज कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को इंपैक्ट ऑफ न्यूक्लियर साइंस ऑन मैनिटी विषय पर ऑनलाइन वक्तव्य दिया। इस अवसर पर विज्ञान से संबंधित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व डिबेट करवाई गई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों की 13 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. सुखविंदर दुहन, डॉ. हरिकृष्ण कंबोज, डॉ. ज्योति, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. आलोक सरण, डॉ. प्रियंका, डॉ. रजनी, डॉ. अमरीक सिंह व डॉ. सुरुचि ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

### एएवाई व बीपीएल पात्र लाभार्थियों को वितरित करवाया जा रहा राशन

**फतेहाबाद।** जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक (डीएफएससी) विनीत जैन ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार जिला में माह फरवरी व मार्च 2025 के लिए गेहूं, बाजरे, सरसों का तेल तथा चीनी का वितरण एएवाई व बीपीएल पात्र लाभार्थी परिवारों को करवाया जा रहा है। इसके अलावा एपीएल श्रेणी पर सरकार द्वारा कोई राशन जारी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एएवाई परिवारों को 11 किलोग्राम गेहूं प्रति कार्ड व 24 किग्रा बाजरा प्रति कार्ड तथा बीपीएल परिवारों को 2 किग्रा गेहूं प्रति यूनिट व 3 किग्रा बाजरा प्रति कार्ड वितरित करवाया जा रहा है।

# सीडीएलयू में इंटर-डिपार्टमेंटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, संजू रहा अव्वल

- पर्यावरण, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, जलवायु प्रदूषण व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषयों पर पोस्टर तैयार को कहा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा इंटर-डिपार्टमेंटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को टैगोर भवन में हुआ। विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह बाजवा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नरसी राम बिश्नोई के दिशा-निर्देशन में विद्यार्थियों को व्यावहारिक रूप से दक्ष करने के उद्देश्य से इस गतिविधि का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में पर्यावरण, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, जलवायु प्रदूषण व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषयों पर पोस्टर तैयार करने के लिए कहा गया था। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्ण रूप से भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में एमए संस्कृत की संजू ने पहला स्थान, एमए जेएमसी की मनप्रीत कौर ने दूसरा स्थान व एमए जेएमसी की सीमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

---

# जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई मात्र तीन शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में नगराधीश गौरव गुप्ता ने आमजन की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके समाधान के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुल तीन शिकायतें आई। सीटीएम गौरव गुप्ता ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की जो भी शिकायतें आती हैं उनका समयावधि में ही समाधान करना सुनिश्चित करें। यह समाधान शिविर आम नागरिकों को अपनी शिकायत व समस्याओं को प्रशासन के सामने रखने का एक अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। इससे एक ओर जहां नागरिकों को कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ते हैं वहीं कार्यालय में भी लंबित शिकायतें नहीं रहती हैं। उन्होंने कहा कि कुछ शिकायतें मुख्यालय स्तर की होती हैं उन्हें मुख्यालय स्तर पर भेज कर जल्द ही आमजन की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस में समस्याएं दे सकते हैं।

# सरकारी योजनाओं के लिए चक्कर न कटवाएं : संजय

- डीएमसी ने जिले के बैंक मैनेजर, एलडीएम व नगरपरिषद के अकाउंट अफसरों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** मीटिंग को संबोधित करते डीएमसी। फोटो : हरिभूमि

केन्द्र सरकार द्वारा लोगों के कल्याण के लिए लागू की गई योजनाओं को धरातल पर अमलीजामा पहनाने के लिए शुक्रवार को डीएमसी संजय बिश्नोई ने जिले के सभी बैंक मैनेजर, एलडीएम व नगरपरिषद के अकाऊंट अफसरों की बैठक ली। बैठक के बारे जानकारी देते हुए स्वच्छ भारत मिशन के फतेहाबाद प्रमुख सौरभ सिंह ने बताया कि डीएमसी संजय बिश्नोई ने उन्हें पीएम स्वानिधि योजना, एमपी विश्वकर्मा योजना तथा स्वयं सहायता समूहों को लेकर सरकार की योजनाओं बारे विस्तार से चर्चा की और बैंकर्स से कहा कि सभी जरूरतमंद लोगों तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए।

लोगों को बेवजह कार्यालयों के चक्कर न कटवाए जाएं। सौरभ ने बताया कि डीएमसी संजय बिश्नोई ने सख्त निर्देश दिए कि इन योजनाओं को लागू करवाने के लिए कम से कम कागजात मांगे जाएं। इसके अलावा बैठक में सीएसआर के तहत नगरपरिषद, नगरपालिका लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए वॉल पेंटिंग, होर्डिंग्स, थैला बैंक, ई-रिक्शा, बर्तन भंडार के माध्यम से प्रचार किया जाए।

### पॉलीथिन के खिलाफ चलेगा अभियान

डीएमसी संजय बिश्नोई ने शुक्रवार को पॉलीथीन विक्रेता दुकानदारों की भी बैठक ली। डीएमसी ने इन दुकानदारों को सख्त आदेश दिए कि सरकार द्वारा प्रतिबंधित किए गए पॉलीथीन को किसी भी कीमत पर बाजार में बिकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने दुकानदारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि दुकानदार स्वयं ही इन पॉलीथीन को अपनी दुकानों से हटा लें। सोमवार से नगरपरिषद द्वारा इसको लेकर एक विशेष अभियान चलाया जाएगा और जहां भी ऐसे प्रतिबंधित पॉलीथीन मिलेंगे, उनके चालान काटे जाएंगे। बैठक में पहुंचे 8 दुकानदारों ने डीएमसी को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# लोक अदालत में मामलों के निपटान के लिए प्रीजाइडिंग ऑफिसर व सदस्य नियुक्त

- जिला व उपमंडल स्तर पर 8 को आयोजित होगी लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला व उपमंडल स्तर पर 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निपटान के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के दिशा निर्देशानुसार प्रीजाइडिंग ऑफिसर व सदस्य नियुक्त किए गए हैं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने बताया कि न्यायिक परिसर फतेहाबाद में 8 मार्च को सुबह 9.30 बजे आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निपटान के लिए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हेमंत यादव को प्रीजाइडिंग ऑफिसर लगाया गया है और उनके साथ अधिवक्ता विनोद कामरा को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार से पारिवारिक मामलों के निपटान के लिए पारिवारिक न्यायालय प्रधान न्यायाधीश नताशा शर्मा को प्रीजाइडिंग ऑफिसर व अधिवक्ता सुमन लता को सदस्य, चेक बाउंस 138 एनआइ एक्ट के मामलों के निपटान के लिए न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी जोगिंदर जांगड़ा को प्रीजाइडिंग ऑफिसर व अधिवक्ता शाहनवाज को सदस्य नियुक्त किया गया है।

---

# सिरसा-हिसार नेशनल हाईवे पर लाइट और संकेतक लगवाने को लेकर सैलजा ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने एनएच-9 डबवाली से हिसार तक खराब पड़ी लाइटें और कुछ स्थानों पर लाइट का प्रबंध करने व संकेतक लगवाने के लिए केंद्रीय मंत्री सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। सांसद ने कहा कि लाइट और संकेतक के अभाव में वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है, गलत दिशा में जाकर उन्हें भटकना पड़ता है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को लिखे पत्र में कुमारी सैलजा ने कहा है कि हिसार-सिरसा चारमार्गीय एनएच-9 पर फतेहाबाद नगर स्थित है। जब यात्री हिसार से फतेहाबाद और फतेहाबाद से सिरसा की ओर प्रवेश करता है, इस मार्ग पर पहली बार आने वाले यात्रियों खासकर रात में उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है क्योंकि इन दोनों ही स्थानों पर न तो लाइट का कोई प्रबंध है और न ही किसी प्रकार के संकेतक लगाए गए है। ऐसे में सिरसा आने वाले यात्री वाहन डबवाली की ओर चला जाता है और फतेहाबाद आने वाले वाहन भी गलत दिशा में चले जाते हैं।

### स्ट्रीट लाइटें अभी तक खराब पड़ी

सांसद कुमारी सैलजा ने पत्र में लिखा है कि एनएच-9 पर अनेक स्थानों पर लाइटें बंद पड़ी है, गांव मोरीवाला, भावदीन, डिंग मोड, गिल्लाखेडा, ढाणी चानन, दरियापुर, फतेहाबाद बाइपास, रतिया बाइपास, भूना बाइपास, बड़ोपल, धांगड, खाराखेडी, अग्रोहा आदि स्थानों पर यात्रियों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस बारे में उनकी ओर से 12 दिसंबर 2024 को भी पत्र लिखकर अवगत करवाया था। जिसके जवाब में कहा गया था कि हिसार-डबवाली खंड पर 2622 स्ट्रीट लाइटें स्थापित की और प्रकाश व्यवस्था चालू कर दी गई हैं जबकि वास्तविक स्थिति में स्ट्रीट लाइटें अभी तक खराब पड़ी है। सांसद कुमारी सैलजा ने अनुरोध किया है कि इस बारे में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए जिससे यात्रियों और वाहन चालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और दुघर्टनओं को रोका जा सके।

**वार्ता** निकाय चुनावों को लेकर मीडिया से हुए रू-ब-रू

# इंजन तो ईमानदार है, लेकिन डिब्बे ही गद्दार हैं: गोकुल सेतिया

डिब्बे सरकार की आड़ लेकर जनता के खून पसीने की कमाई को दीमक की मानिंद चट कर रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

मेरा पिछले 3 माह का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने है। सरकार के इंजन में कोई खराबी नहीं है, लेकिन जो डिब्बे हैं, वो गद्दार हैं। ये डिब्बे सरकार की आड़ लेकर जनता के खून पसीने की कमाई को दीमक की मानिंद चट कर रहे हैं। जनता विकास के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है, लेकिन कुछेक लोग, जिन्होंने शहर को अपनी बपौती मान लिया हैए वो कागजों में विकास दिखाकर वाह-वाही लूटने का काम कर रहे हैं। देर से ही सही, अब सिरसा की जनता ने इन डिब्बों की मरम्मत का कार्य अपने हाथों में लिया है और आगामी समय में इसका रिजल्ट भी जनता के समक्ष होगा। विधायक गोकुल सेतिया शुक्रवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। विधायक सेतिया ने कहा कि शहर को पैरिस बनाने का दावा कर दोनों हाथों से लूटने वाले लोग जनता के बीच फिर से आकर विकास की दुहाई दे रहे हैं, लेकिन सिरसा की जागरूक जनता उनकी शातिर चालों को समझ चुकी है और उनकी चिकनी चुपड़ी बातों में इस बार नहीं आएगी। विधायक ने कहा कि पिछले 7 सालों से इन्हीं लोगों के हाथों में सिरसा की सरकार की चाबी थी, लेकिन इन लोगों ने विकास की बजाय शहर को विनाश के कगार पर ला खड़ा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।



**सिरसा।** मीडिया से रूबरू होते विधायक गोकुल सेतिया।

जो सिरसा जिला कभी विकास के लिए चर्चित था, आज वही जिला भ्रष्टाचार के लिए पूरे देश में चर्चित हो रहा है। धरातल पर काम करने की बजाय इन लोगों ने कागजों में काम दिखाकर जनता को लूटने का काम किया। विधायक ने कहा कि काठ की हांडी एक बार ही चढ़ती है, बार-बार नहीं। पत्रकारों द्वारा स्टार प्रचारकों के चुनाव में न आने के सवाल पर विधायक ने कहा कि प्रदेशभर में चुनाव है और सभी ने अपने-अपने जिलों में ड्यूटियां संभाल रखी है। सिरसा की जनता के लिए न मैं नया हूं और न ही जनता मेरे लिए। चुनाव स्टार प्रचारकों से नहीं, बल्कि जनता के भरोसे पर खरा उतरने से जीते जाते हैं। जनता सब देख रही है।